प्रादेशिक समाचार
दिनांक–11.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में, तीन दिन के उन्नत कृषि महोत्सव का उद्‌घाटन किया। 13 अप्रैल तक चलने वाले इस महोत्सव में ड्रोन, सोलर पंप और सूक्ष्म सिंचाई की आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। महोत्सव में विशेषज्ञ, किसानों से सीधे संवाद करेंगे और कृषि में यांत्रिक मेधा यानी ए.आई के उपयोग पर भी चर्चा होगी। महोत्सव में 3 सौ से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। महोत्सव में देश के कई कृषि वैज्ञानिक भी हिस्सा ले रहे हैं।

****

भारत में डिजिटल भुगतान यानी यू.पी.आई. व्यवस्था के शुरु हुए आज 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। पिछले एक दशक में यह भारतीय भुगतान प्रणाली की रीढ बन गया है। ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

****

राज्य पुलिस नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को खेलों के जरिए मुख्यधारा से जोड़ेगी। बस्तर ओलंपिक की तर्ज पर संवेदनशील जिलों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसका उद्देश्य युवाओं को भटकाव से बचाकर उनमें आत्मविश्वास जगाना और पुलिस–जनता के बीच विश्वास बढ़ाना है।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के लिए भाषा परिवर्तन के सभी आवेदनों को निरस्त कर दिया है। आयोग के अनुसार, अभ्यर्थियों को क्षेत्रीय भाषा की जानकारी पहले ही दे दी गई थी। यह परीक्षा कल रांची सहित राज्य के 8 जिलों में निर्धारित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

****

जमशेदपुर स्थित सीएसआईआर– राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आरएलए" संपन्न हुआ। संगोष्ठी में औद्योगिक उपकरणों की शेष आयु आकलन पर विशेषज्ञों ने चर्चा करते हुए आधुनिक तकनीकों, एआई आधारित समाधान और नॉन–डिस्ट्रक्टिव इवैल्यूएशन के उपयोग पर जोर दिया। निदेशक डॉक्टर संदीप घोष चौधरी ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी प्रखंड के कैलेंडे गांव में पिछले चार महीनों से नलकूप खराब होने के कारण गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने समस्या के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान गीता बालमुचू ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित विभाग को नलकूप की शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।

****

चतरा जिले के इटखोरी थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की बाइक और दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल के सापारुम गांव में आज सुबह जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान राधा तंतुबाई के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

****

पलामू जिले के मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के चियांकी में नेशनल हाईवे के अधूरे ओवरब्रिज पर एक दर्दनाक हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमन उरांव के रूप में हुई है, जो पांकी रोड पोखराहा का रहने वाला था।

******समाप्त**********